


## एक नजर में

### स्वछता में अग्रणी रहने का संकल्प लिया



**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर के कर्मचारियों को बारिश के दौरान कार्य करने में सुविधा हेतु रेनकोट का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित सफाई संरक्षक, स्वछताकर्मी व जनप्रतिनिधि द्वारा महिदपुर को स्वछता में अग्रणी रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव, उपाध्यक्ष राजाराम कहार, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद उमा पांडे, पार्षद जगदीश राठौर, गुलाम मोहम्मद, नागौरी बाबा, पार्षद प्रतिनिधि इमरान अली, पीयूष सकलेचा, जाकिर मंसूरी, इकबाल नागौरी, स्टोर प्रभारी मोहनलाल खत्री, स्वचछता प्रभारी उमेश दावरे एवं नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

### तीन से लगातार हो रही बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**घट्टिया।** वर्षा की लंबी खेंच के बाद तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार को दिनभर कभी तेज तो कभी धीमी वर्षा का दौर चलता रहा। लगातार हो रही वर्षा से जहां फसलों को लाभ हुआ है वही लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बुखार सर्दी सहित अन्य बीमारियों से भी लोग परेशान नजर आए। सड़कों सहित निचली बस्तियों में पानी भर गया।

### शिक्षाविद् 97 वर्षीय सुशीला नागर ने किया पौधारोपण

उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन में महात्मा अंकित की 41वीं जन्म जयंती पर अंतर्गत 34वें राष्ट्रीय वर्षा मंगल महोत्सव एवं मित्र मिलन महोत्सव अंतर्गत आश्रम से जुड़ी हुई विगत 30 वर्षों से सहयोगी, सदस्य एवं जीवनदाता शिक्षाविद् वयोश्रेष्ठ 97 वर्षीय सुशीला नागर, रुकमणी मेहता, शारदा व्यास, विशाल मेहता एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर 97 वर्षीय सुशीला नागर ने कहा कि यह मेरा परिवार है, सुधीर से अनेक वर्षों से मेरा सम्बंध है वह मुझे पुत्रवत प्यार दुलार देता है। मैं सेवाधाम के विविध सेवा गतिविधियों में संलग्न रही एवं मुझसे जो बन पड़ा वह किया। आज मैं यहां आई मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि कहां उबड़ खाबड़ बंजर भूमि थी और आज अंकित की स्मृति में आयोजित वर्षा मंगल महोत्सव में पौधारोपण कर आज हरियाली से आच्छादित हो रहा है सेवाधाम आश्रम। इस अवसर पर मालवी पगड़ी एवं दुपट्टे से सम्मानित किया।

### पर्यावरण रक्षा के लिए 101 पौधे वितरित

**संकल्प दिलाया समाज का हर व्यक्ति अपने जन्म दिवस पर 11 पौधे लगाये**



**उज्जैन।** माधव नगर सिंधी समाज एवं सिंधी साहित्य पंचायत, राष्ट्रीय सिंधी महिला मंच द्वारा समाजसेवी दीपक बेलानी के जन्म उत्सव पर एक पौधा मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा के लिए 101 पौधे वितरित किये। साथ संकल्प लिया कि समाज का हर व्यक्ति अपने जन्म दिवस पर 11 पौधे लगाये। इस अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेवी नारायण यादव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े बेटे वैभव यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल हाड़ा, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र कुलमी, विजय व्यास, समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहड़ा, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, महेश परियानी, गोपाल बलवानी, दौलत खेमचंदानी, महेश सीतलानी, धर्मेंद्र लालवानी, डॉ. मुकेश जेठवानी, दयाल वाधवानी, मनोज दुधवानी, भरत पोरवाल, भोला पहलवान, शेखर राठोर, पत्रकार राजेंद्र पुरोहित, महेंद्र सिंह बेस, उदय चंदेल, शादाब अंसारी, जितेंद्र ठाकुर, रवि सेन, धर्मेंद्र राठौर, आशीष जैन, मयूर अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सौरभ बेलानी, नितिन भिमानी, बबलू भैया एवं समस्त मित्र मंडल, हरिओम मॉर्निंग ग्रुप के साथी, राष्ट्रीय महिला मंच की सभी मातृशक्ति बहनें सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

### रफ़ी की पुण्यतिथि पर संगीत संध्या 31 को

**उज्जैन।** मशहूर पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि के अवसर पर 31 जुलाई को कालिदास अकादमी संकुल हॉल में ऑनेस्टी म्यूज़िकल एकेडमी द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। सुशील गिरिया को समर्पित इस संगीत संध्या में मुख्य अतिथि कलावती यादव निगम सभापति, डॉ. सतविंदर कौर सलूजा वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक, यू.एस.छाबड़ा अध्यक्ष सिटी ट्रेड कौंसिल एवं डायरेक्टर उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट सोसाइटी, भवदीपसिंह चूड़ास्मा फाउंडर डायरेक्टर शगुन ग्रुप धोलेरा, मुकेश रांका अध्यक्ष ओसवाल जैन समाज उज्जैन, चरणजीत सिंह कालरा, अध्यक्ष गुरुद्वारा सुखसागर फ्रीगंज उज्जैन, आयुष गिरिया फाउंडर डायरेक्टर एसएम ग्रुप, दानिश खान वरिष्ठ इंजीनियरिंग आदि उपस्थित रहेंगे। एकेडमी के प्रमुख सिंगर, अंशिता कानूनगो, वर्षा वर्मा, ऊषा भावसार, करुणा भावसार, पूनम नामदेव, अनामिका शुक्ला, अनिल भावसार, राजेश पलोड़, ललित भावसार, पार्थ दुबे, प्रकाश वर्मा, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, वेदांत उपाध्याय, अरशद मीर, डॉ कमलेश सोनी आदि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 6 वर्षीय पार्थ दुबे द्वारा मोहम्मद रफ़ी साहब के गीतों को गाया जाएगा। इस कार्यक्रम में म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुवल रूप से उपस्थित होंगे। यह जानकारी संस्थापक हरपाल सिंह चावला ने दी।

### सरि सर्प की सुरक्षा के लिए हुआ 'सांप को दूध मत पिलाओ'



**उज्जैन।** भगतजी सेवा संस्थान एवं विक्रम वाटिका ग्रुप द्वारा नाग पंचमी के शुभ अवसर पर सरि सर्प की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु अनूठा आयोजन सांप को दूध मत पिलाओ किया गया। उज्जैन के कोठी रोड पर काले वस्त्र धारी भ्रमण प्रेमियों का जमावड़ा प्रातः काल से लगा हुआ था। उल्लास आनंद मस्ती के साथ सरि सर्पों के संरक्षण एवं पर्यावरण बचाओ का संदेश भी निहित था। आयोजन समिति के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके रहे। मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम के मेयर मुकेश टटवाल थे। अध्यक्षता मंगल बामनिया ने की। विशेष अतिथि पंडित हेमंत व्यास थे। मेयर मुकेश टटवाल ने बीन बजाकर सांप की डलिया से आस्तीन का सांप निकाल कर सरिसर्प को बचाने का संदेश दिया। रोचक स्पर्धा में लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड सांपों की दादी उषा छजलानी को दिया गया। मिस सर्पिणी का खिताब एडवोकेट आरती ठाकुर को दिया गया। फुफकारती नागिन मौसमी रोचवानी रही, शाही नागिन संध्या तैलंग, भोली नागिन शशि अग्रवाल, सर्पों की राजकुमारी मीनल अरोरा, पुरुष वर्ग में सांपों का बादशाह मिलिंद तेलंग, सांपों का राजकुमार अशोक दाता, नागों का सरताज गजेंद्र जैन, शाही डेडू सत्यनारायण वर्मा, आस्तीन का सांप रवि गुप्ता को दिया गया। मेयर मुकेश टटवाल ने जीवित नर नारी को दुग्ध पान करवाया। आभार प्रदर्शन मंगल बामनिया ने किया। इस स्पर्धा के निर्णायक अरुण रोचवानी एवं वीणा परमार थी। समारोह के अंत में नागिन की धुन पर विभिन्न जोड़ों ने जमकर नृत्य भ्रमण प्रेमियों ने किया।

## साईं की मूर्तियों को मंदिर से निकालों : प्रेमानंद पुरी

**उज्जैन। साईं मुसलमान है, साईं की मूर्ति मदिरों में नहीं रखना चाहिये, साईं की फोटो भी नहीं रखना चाहिये। साईं की मूर्तियों को मंदिर से निकालो।**

अभी तक भूलवश उनकी पूजा की है तो कोई बात नहीं जब जागे तब सवेरा, लोग कहते हैं घर में रखी साईं की फोटो का क्या करें, तो फोटो को तो आग लगा दो, और मूर्ति को नदी में कुए में डाल दो, हमको किसी मुसलमान की पूजा नहीं करना है, क्योंकि कोई मुसलमान हमारे हिंदू भगवानों की पूजा नहीं करता है।

यह बात श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में पांचवें दिन महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज ने कही। महाराज ने कथा में व्यासपीठ से भारत सरकार से अपील की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। जिस परिवार में एक गाय है वो परिवार कभी भूखा नहीं कर सकता। इस देश को बचाना है तो गाय माता को बचाना होगा। गाय ऐसी मां है जिसका दूध, दही, घी घी तो अमृत है। कथा में कालिया नाग की लीला की कथा सुनाई, इंद्र द्वारा बरसात के बाद भगवान ने 7 कोष के गिरिराज पर्वत को उठाया, गोवर्धन पूजा हुई और 56 भोग लगाये गये। वहीं 29 जुलाई




को नागपंचमी पर विशेष कालसर्प दोष पूजन प्रातः 8 बजे से महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड पर हुआ।

श्रावण महोत्सव व्यवस्था प्रमुख महंत आदित्य पुरी महाराज (राजा भैया) एवं सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि महाकाल नगरी उज्जैन में श्री श्री 1008 वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सानिध्य में 10 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाए जा रहे श्रावण महोत्सव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 31 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नक्षत्र होटल, सेन्टपॉल स्कूल के पास हो रहा है। जिसके मुख्य यजमान अग्रवाल परिवार हैं। 7 दिनों तक भक्तों को स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा में वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। साथ ही स्वामी प्रेमानंदपुरी महाराज प्रतिदिन जीवन के लिए उपयोगी मंत्र बताने के साथ ही मंत्र दीक्षा दे रहे हैं। आस्था चैनल में कथा का लाईव प्रसारण प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक हो रहा है।

## त्रिदिवसीय महिला कार्यशाला का शुभारंभ

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय महिला कार्यशाला का शुभारंभ 28 जुलाई को हुआ। अरिहंत परिसर हीरा मिल रोड पर आयोजित कार्यशाला 30 जुलाई तक चलेगी। कुकिंग एक्सपर्ट उर्मिला बागड़ी द्वारा उपस्थित महिलाओं को कुकिंग की टिप्स बताई गई एवं संस्था द्वारा फलाहारी, मीठे व्यंजनों की कॉम्पीटिशन रखी गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि के रूप में पार्षद डॉ. माना।

29 जुलाई को आयोजित कार्यशाला में ब्यूटी एक्सपर्ट पालिका मुकादम महिलाओं को मेकअप से संबंधित जानकारी दी। जिसमें अतिथि के रूप में लता रानी चौहान उपस्थित रहीं। आज 30 जुलाई को वुमन वेलनेस विषय पर कार्यशाला रहेगी। जिसमें डॉ. अंशु दीसावाल एवं डॉ. चायनीका पाटीदार महिलाओं को श्वास संबंधी जानकारी देंगी। मुख्य अतिथि निगम सभापति कलावती



योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहीं। साथ ही संस्था महिला प्रमुख सविता पटेल रही। संचालन रितु घाटिया ने किया। आभार कृतिका अग्रवाल ने यादव रहेंगी। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष मुकेश लखानी एवं सचिव अभिषेक गोयल, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल द्वारा दी गई।

## कलश यात्रा : भारी बारिश भी नहीं डिगा पाई आस्था



**घट्टिया।** श्रावण माह की नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को नाग देवता स्थानो पर पूजन अर्चन हुआ। घट्टिया से कलश यात्रा निकालकर लगभग 15 किमी दूर लसूडिया देवसी स्थित तक्षकेश्वर महादेव नाग देवता मन्दिर पर पूजन अर्चन अभिषेक किया। श्रीराम मंदिर से निकली कलश यात्रा में बच्चों सहित महिला पुरुषों ने भाग लिया। भारी बारिश भी भक्तों को अस्था नहीं डिगा पाई । वही तेजाजी चौक स्थित नाग देवता मंदिर व डाबरी रोड स्थित नाग देवता मंदिर पर दुग्धाभिषेक सहित पूजन अर्चन हुआ। यात्रा में आनंदी रावल, सत्यनारायण रावल,



आशीष सुनहरिया, पंकज रावल, कमलेश राठौर, कमल रावल आदि का योगदान रहा।



## चांपानेर रोड निर्माण के लिए सर्व समाज ने सौंपा एसडीएम के नाम ज्ञापन

**खाचरौद।** चांपानेर में सीसी रोड निर्माण को लेकर सर्व समाज के नेतृत्व में एक ज्ञापन खाचरोद अनुविभागीय अधिकारी के नाम ऑफिस कानूनगो नेहा तोमर को सौंपा गया। जिसमें बताया कि जिस स्थान पर वर्तमान में रोड बनाया जा रहा है। यह काफी पुराना रास्ता है। जो बारिश के समय में काफी खराब हो जाता है। यहां यदि रोड बन जाना है, तो इस रास्ते से होकर जाने वाले कृषकों के साथ, सामाजिक धर्मशालाएं, धार्मिक स्थल (मंदिर) ओर सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को भी इसका लाभ मिलेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस रास्ते के स्थान पर रोड बन जाने से किसी का भी व्यक्ति समाज या संस्था का अहित नहीं हो रहा है किंतु कुछ लोग जबरन इसका विरोध कर रहे है।

यह रोड 10 लाख की राशि से बनाया जा रहा। जिसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा शासकीय भूमि पर जहां पूर्व से कच्चा रास्ता है। उस स्थान पर किया जा रहा है, जिसको लेकर धाकड़ समाज के व्यक्तियों के द्वारा विरोध जताया था और एसडीएम के नाम सरपंच के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया था। उनकी मांग थी कि रास्ते को पुराने स्थान की बजाय बदलकर नाले के पास से होकर बनाया जाए। जिसके बाद मंगलवार को गिरते पानी में चापानेर की सर्व समाज के व्यक्तियों के द्वारा सरपंच के पक्ष में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया उक्त स्थान पर ही पुराना रास्ता है। यही पर रोड जहा पंचायत रोड बना रही है, यही पर बनाया जाए। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में जहा रास्ता था वहीं रोड बनाने पर सरपंच का कोई हित लाभ नहीं है तथा यहां रोड बनने से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ भी होगा।

## जैन सौशयल ग्रुप मेन ने की स्कूल सामग्री वितरित

**महिदपुर। जैन सोशल ग्रुप मैन महिदपुर द्वारा स्कूल बेग, कंपाक्स, बाटल, कांपी, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर, स्केल एवं टांफी का शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम आमडी में कक्षा पहली से पांचवीं तक के लगभग 54 बच्चों को वितरण किया गया।**



इस कार्यक्रम के लाभार्थी कुसुम लता पारसमल चौपड़ा परिवार रहे। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष कविता गादिया, पूर्व अध्यक्ष मनीष पगारिया, विजय धाडीवाल, अतुल आंचलिया, सुनिता चौपड़ा एवम सरदारमल चौपड़ा, वर्धमान गादिया, संदीप चौपड़ा, सुदीप चौपड़ा पार्षद एवं ग्रुप के सचिव कपिल राखेचा आशुतोष छजलानी, अश्विन मेहता, रॉबिन मोदी, अरविंद सकलेचा, रवि सुमन, स्वतंत्र मेहता कुसुमलता चौपड़ा, अनीता चौपड़ा, शिरोमणि मेहता, सुषमा मेहता रेखा आंचलिया, नीता पगारिया, सपना छजलानी, नीलांजना चोपड़ा साहित ग्रामीणजन भी उपस्थित थे। ग्रुप द्वारा लाभार्थी परिवार तथा उपस्थित शिक्षिका अंजना जैन, एवं जुवाहरसिंह का बहुमान किया गया । पाठ्य सामग्री प्राप्त करने पर बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं आंनद झलक रहा था। ग्रुप सचिव कपिल राखेचा व्दारा आए हुए सभी सदस्य महानुभावो का आभार मानकर धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल आंचलिया ने किया।

## महिदपुर में नागपंचमी धार्मिक उल्लास के साथ मनाई

**महिदपुर।** जिले के साथ अंचल में भी नागपंचमी का पर्व धार्मिक भक्ति भाव से मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नाग को दूध पिलाने की परंपरा बरकरार है। इसी क्रम में महिदपुर में नाग पंचमी पर नाग को दूध पिलाया और पूजा भी की। मुक्तिका शर्मा व अनामिका सोनी ने बताया कि नाग पंचमी का पर्व शहर में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से शिवालयों में महिलाओं का तांता लगाना शुरू हो गया था। जहां महिलाओं ने शिव की आराधना की, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में नाग देवता के



ओटलों पर भी महिलाओं ने पूजन अर्चन किया और सुख समृद्धि की कामना की गई। नाग पंचमी पर नाग की पूजा करने से काल सर्प दोष का निवारण होता है।

**धर्म** — वर्धमान शक्रस्तव वह मंत्रगर्वित स्रोत है। इसमें ग्यारह अलापक अधिकार है प्रत्येक अधिकार का प्रारंभ से होता है।

## आध्यमिक चातुर्मास में श्री नेमिनाथ जन्म कल्याणक श्री वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक संपन्न

**उज्जैन।** आध्यात्मिक चातुर्मास में शांतिनाथ मंदिर छोटा सराफा में श्री नेमिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया। इस अवसर पर श्री वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक डॉ.नीलांजना के सानिध्य में संपन्न हुआ। डॉ.निलंजना ने अपने मुखारविंद से प्रवचन में बताया कि श्री वर्धमान शक्रस्तव अर्थात् अरिहंत प्रभु की परमोच्च प्रभुता का परिचय पत्र, शकेन्द्र द्वारा अपने मीत जिनेंद्र को लिखा गया भाव भरा प्रेम पत्र, वीतराग के नाम ऐश्वर्य तथा गुण गांभीर्य का अनुपम संकलन पत्र, देवेंद्र की



हृदय में अहोभाव से छलकता आस्था का अमृत कलश। वर्धमान शक्रस्तव वह मंत्रगर्वित स्रोत है। इसमें ग्यारह अलापक अधिकार है प्रत्येक अधिकार का प्रारंभ से होता है। कार में पंच परमेश्वर समाहित है। प्रणवअक्षर सहित नमो पद समग्र सब स्रोतों का अर्थात बीज मंत्र है। प्रत्येक आलापक के विश्लेषणों में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग इस बात का द्योतक है कि प्रत्येक विश्लेषण नमों से संबंध है नमो का अर्थ है। नमस्कार नमन प्रभु के परम पावन प्रसाद में प्रवेश का प्रथम पायदान है। नमो जो प्रभु चरणों में सर्वतोभावेन नत विनत प्रणत हो जाता है। वह स्वयं प्रभु स्वरूप बन जाता है। समाज अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि श्री वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने सहभागिता कर प्रभु नेमिनाथ का अभिषेक मंत्रोच्चार द्वारा संपन्न हुआ। प्रभु नेमिनाथ भगवान की आरती संपन्न की गई। श्री वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक पूजन लाभार्थी भैरुलाल नेमीचंद छाजेड़ परिवार द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर श्री अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक मारवाड़ी समाज के ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।